University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

डॉ. विनोद कुमार सिंह
कुल सचिव
Dr. Vinod Kumar Singh
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

संख्या : R/238/21
दिनॉक : 15-04-2021

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्रभारी / समन्वयक,
   लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
   सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

विषय : कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किये जाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1064 / सत्तर–3–2021–08(20) / 2020 दिनॉक 15 अप्रैल, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किये जाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिए गये हैः–

1. समस्त प्रकार की परीक्षाएं / प्रायोगिक परीक्षाएं आगामी 15 मई, 2021 तक स्थगित की जाती है।
2. पाठ्यक्रम से सम्बन्धित कक्षाएं/ शिक्षण कार्य संस्थान परिसर में न होकर ऑनलाइन संचालित किये जायेगें। विश्वविद्यालय / महाविद्यालय परिसर में छात्र / छात्राओं की उपस्थिति नही होगीं
3. विश्वविद्यालय परिसर के विभागों में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य नही होगी। समस्त शिक्षक ऑनलाइन माध्यम / मोबाइल पर उपलब्ध रहेगें।
4. महाविद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बन्ध में सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्णय लिया जायेगा।
5. विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में कार्यरत समूह–ख, ग एव घ के कार्मिकों की 50 प्रतिशत उपस्थिति सप्ताहिक रोस्टर अल्टरनेट (वैकल्पिक) के अनुसार होगी तथा शेष 50 प्रतिशत कार्मिक घर से ही कार्य सम्पादित करेगें।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनॉक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
4. मुख्य कुलानुशासक / अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
5. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. इंचार्ज यू0डी0आर0सी0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव / कार्यालय अधीक्षक लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

कुलसचिव